लगन लगा ले लगा ले जरा श्याम के नाम से

लगन लगा ले लगा ले जरा श्याम के नाम से,
अरे पापी तर गए है करोडो याहा श्याम के नाम से,

राजा भी जाएगा जोगी भी जाएगा
जाएगा गुरु और चेला
अरे कोई नही तेरा कोई नही मेरा
झूठा है रे जग का जमेंला
तेरा तन तेरे साथ न जाए फिर तू क्यों इतना इतराए
ऐसा मौका हाथो से छुट गया तो गए काम से,
लगन लगा ले लगा ले जरा श्याम के नाम से,

जग में शान हो बड़ा मकान हो घर में हो मोटर गाडी,
अरे प्रभु की भगती में मन नही जिसका वो तो है रे जग में अनाड़ी,
अंतर मन में ज्योत जगा ले जीवन अपना सफल बना ले
कट जायेगी जिंदगानी तेरी बड़े ही आराम से
लगन लगा ले लगा ले जरा श्याम के नाम से,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/19873/title/lagan-lga-le-lga-le-jra-shyam-ke-naam-se

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |